हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार, 15 जुलाई 2025

10 फतेहाबाद व टोहाना में किसानों का प्रदर्शन, केंद्र और प्रदेश...



12 सावन के प्रथम सोमवार पर शिवालयों पर गूंजे जयकारे



## बारिश में बह गए प्रशासन के दावे, शहर झील में तब्दील

### शहर की सड़कों पर तीन से चार फुट जमा हुआ पानी





सिरसा। शहर की सड़कों पर जमा हुआ बरसाती पानी तथा गड्ढे में फंसी एक कार।

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

सोमवार को हुई बारिश ने प्रशासन के पानी निकासी के दावों की पोल खोल दी। शहर 35 एमएम बरसात में ही पानी की झील में तब्दील हो गया। कई वाहन पानी में फंस गए तो कई सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढों में धंस गए। शहरवासियों के लिए बरसात किसी आफत से कम नहीं थी। निचले क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई और सड़कों पर तीन से चार फुट तक पानी जमा हो गया। हालांकि किसान खरीफ फसल के लिए बरसात को लाभदायक मान रहे हैं। धान व नरमा फसल को बरसात से काफी लाभ पहुंचा है। शहर के प्रमुख स्थान बारिश के पानी में डूब गए। गलियों, बाजारों व कॉलोनियों में जलभराव, गड्ढों में फंसे वाहनों का नजारा देखने को मिला। छोटी छोटी कॉलोनियों में बरसात के कारण हुए जलभराव के कारण लोगों के लिए बाहर निकलना टेढ़ी खीर बना रहा। मॉनसून की बरसात से जनता भवन रोड, सर्कुलर रोड, शिव चौक, जगदेव सिंह चौक, बस स्टैंड, अंबेडकर चौक, हिसार रोड, गोल डिग्गी चौक के आसपास की दुकानों में पानी भर गया। शहर के गोल डिग्गी चौक, हिसारिया बाजार, हिसार रोड, पटेल बस्ती सहित अनेक स्थानों पर घुटनों तक पानी भर गया। बरसात से हुए जलभराव के कारण कई दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठान बंद करने को मजबूर होना पड़ा जिससे दुकानदारों को नुकसान हुआ।

### नप ने कुछ समय पहले ही दिया था आश्वासन

नगरपरिषद ने कुछ समय पहले आश्वासन दिया था कि उसने जनस्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर बरसात के पानी की निकासी के लिए रणनीति बनाई है। जलभराव वाले स्थानों पर पम्पिंग सैट लगाए हैं तथा बरसात का पानी कुछ ही समय में निकल जाएगा। लेकिन नगरपरिषद के इस आश्वासन का पालन धरातल पर नहीं दिखा। जलभराव से प्रभावित दुकानदारों ने बताया कि यह स्थायी समाधान नहीं है। दुकानदारों ने बताया कि अभी भी दुकानों के आगे दो फीट के करीब पानी खड़ा है और वाहनों की आवागमन से दुकानदारों को अपनी दुकानों के शटर बंद करने पड़े हैं, क्योंकि सडक़ से गुजर रहे वाहनों से उनकी दुकानों में पानी घुस जाता है, जिससे दुकानदारों को भारी नुकसान होता है। दुकानदारों ने आक्रोश जाहिर करते हुए कहा कि बिना किसी देरी के बरसाती पानी की निकासी का स्थायी समाधान किया जाए।

### स्टॉर्म प्रोजेक्ट में अधिकारियों और ठेकेदारों पर भ्रष्टाचार का आरोप

स्टार्म वॉटर प्रोजेक्ट से पहले बरसाती पानी की निकासी का भार पब्लिक हेल्थ की सीवरेज लाइन पर था और फेज-वन पूरा होने के बाद भी सीवरेज लाइन के भरोसे पानी की निकासी बनी हुई है। इस प्रोजेक्ट में नगर परिषद के अधिकारियों-ठेकेदारों और नेताओं पर भी उंगलियां उठ रही हैं। लेकिन शासन-प्रशासन की ओर से आजतक कोई जांच नहीं की गई। डबवाली रोड पर स्टार्म वॉटर लाइन की पाइप पांचवीं बार टूट गई। इस प्रोजेक्ट से शहर के बरसाती पानी की निकासी की उम्मीद की जा रही है? स्टार्म वॉटर प्रोजेक्ट के तहत बिछायी गई पाइप के नीचे ड्राइंग के अनुसार कंकरीट का बैड बना जाना था ताकि पाइपें धंसे नहीं लेकिन इसकी पालना नहीं की गई। परिणाम स्वरूप आज हुई बारिश में सडक़ जलमग्न हो गई और लोगों के वाहन गड्ढों में धंस गए।






## खबर संक्षेप

### चोरी की गुत्थी सुलझी तीन आरोपी काबू

**डबवाली।** सीआईए डबवाली पुलिस ने एल्युमिनियम व जस्ती की जाली चोरी के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सीआईए डबवाली प्रभारी राजपाल ने बताया कि विजय कुमार पुत्र अर्जुन दास निवासी संगरिया जिला हनुमानगढ़ राजस्थान की शिकायत पर कि उसकी जवाहर कॉलोनी चौटाला में टिम्बर ट्रेडर्स के नाम से दुकान है और वहां उसका गोदाम भी है। गोदाम से किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा एलुमिनियम व जस्ती की जालियां चोरी कर ली गई। जिस पर सदर थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए तीन आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों की पहचान रवि पुत्र चांदी राम, अमरदीप उर्फ दीपू पुत्र सुल्तान सिंह व गगनदीप उर्फ गगू पुत्र जसबीर सिंह निवासी गांव चौटाला के रूप में हुई है। आरोपियों को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लेकर गहनता से पूछताछ की जाएगी व अन्य वारदातों बारे जानकारी हासिल की जाएगी।

### शिविर में 195 की हुई नेत्र जांच

**सिरसा।** बाबा बिहारी नेत्रालय की ओर से आंखों की जांच व आप्रेशन का निःशुल्क कैंप रानियां रोड स्थित पीर मंदिर में आयोजित किया गया। सुरेश गोयल ने बताया कि शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नीरू गिजवानी द्वारा अपनी टीम के साथ 195 मरीजों की आंखों की जांच की गई व 13 मरीजों का आप्रेशन के लिए चयन किया। शिविर में जांच के बाद आप्रेशन के लिए चयनित मरीजों का आप्रेशन बाबा बिहारी नेत्रालय में निःशुल्क किया जाएगा। जरूरत अनुसार मरीजों को दवाएं व चश्मे भी निःशुल्क दिए गए। इस मौके पर डॉ. नीरू गिजवानी ने कहा कि आंखों की समय-समय पर देखभाल जरूरी है। आंखों के प्रति बरती गई जरा सी लापरवाही गंभीर हो सकती है। इसलिए आंखों संबंधी किसी भी समस्या को नजर अंदाज न करते हुए तुरंत चिकित्सक से संपर्क कर उपचार करवाएं।

### निशुल्क स्किन कैंप का लोगों ने उठाया लाभ

**ओढां।** निरोग स्किन केयर सेंटर ओढां द्वारा दो दिवसीय निशुल्क स्किन कैंप का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. नवीन गर्ग व डॉ. राजपाल वर्मा ने मरीजों की जांच की। शिविर में 25 मरीजों की स्किन जांच की गई, जिनमें से प्रत्येक को 10 दिन की दवा व कम्प्यूटर द्वारा स्किन जांच निशुल्क उपलब्ध कराई गई। इसके साथ ही 14 मरीजों को हाइड्रा फेशियल ट्रीटमेंट भी प्रदान किया गया, जिससे उनकी त्वचा की गहराई से सफाई कर त्वचा को निखारने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर मरीजों को फेस स्किन की सही देखभाल, खानपान व स्किन हाइजीन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। वहीं स्किन से जुड़ी आम समस्याओं जैसे एक्ने, पिगमेंटेशन, ड्राइनेस, ओइलनेस आदि के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया।

### श्री अग्रवाल सभा सिरसा की बैठक आयोजित

**सिरसा।** श्री अग्रवाल सभा सिरसा की ओर से सोमवार को एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। प्रधान जेपी गुप्ता ने कहा कि अग्रवाल सभा अग्रबंधुओं को एकजुट करने व समाज की भलाई के लिए निरंतर कार्य कर रही है। सभी सदस्यों ने संगठन की मजबूती को लेकर विस्तार से चर्चा की। वहीं आगामी 22 सितंबर को महाराजा अग्रसेन जयंती धूमधाम से मनाए जाने का निर्णय लिया गया। जयंती कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। प्रधान जेपी गुप्ता ने सभा की कार्यकारिणी का विस्तार किया। इसके तहत अंकुर तलंगा को उपाध्यक्ष, गौतम गुप्ता को महामंत्री, नरेश जिंदल नीटू को मंत्री, विक्की बंसल को सह कोषाध्यक्ष बनाया गया, जबकि शोभित सिंगला व मेहुल सिंगला को सचिव की जिम्मेदारी सौंप गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि वे अपनी जिम्मेदारियों निष्ठा के साथ पालन करेंगे। इस मौके पर नीरज बंसल, संजय गोयल, सुभाष तलवाडिया, दीपक गोयल, सुनील कंदोई, राजेंद्र गनेरीवाला, सुशील रोहतकी, अमित गुप्ता, कृष्ण सिंगला, रितेश लंबोरिया, यशपाल मौजूद रहें।

### सड़कों पर उतरी पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति

# फतेहाबाद व टोहाना में किसानों का प्रदर्शन केंद्र और प्रदेश सरकार के फूंके पुतले

**डीएपी खाद की पर्याप्त सप्लाई सुनिश्चित करे सरकार, बिजली के बढ़े रेट हों वापिस : मनदीप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति की राज्य कमेटी के आह्वान पर डीएपी खाद की कमी व अन्य समस्याओं को लेकर किसानों ने सोमवार को फतेहाबाद के गांव हिजरावां कलां और टोहाना में प्रदेश सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने सीएम नायब सिंह सैनी का पुतला फूंका और जमकर नारेबाजी की। फतेहाबाद प्रदर्शन का नेतृत्व किसान संघर्ष समिति के जिला कोषाध्यक्ष मलकीत उप्पल ने किया वहीं वहीं विशेष तौर पर किसान संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनदीप नथवान मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि 19 जुलाई तक प्रदेशभर में किसानों द्वारा सरकार के पुतले फूंककर रोष प्रदर्शन किए जाएंगे। इसके बाद 21 जुलाई को तहसील व जिला मुख्यालयों पर भी प्रदर्शन होगा। टोहाना में प्रदर्शन का नेतृत्व किसान संघर्ष समिति टोहाना ब्लाक प्रधान मनजीत सिंह ने किया वहीं विशेष तौर पर किसान नेता मनजीत पूर्णमाजरा मौजूद रहे। प्रदेश अध्यक्ष मनदीप नथवान ने कहा कि आज सरकार की गलत व किसान विरोधी नीतियों के चलते किसानों को खाद-पानी से लेकर मुआवजा लेने के लिए दर-दर की ठोकरें खानी पड़ रही है। प्रदेश सरकार किसान हितैषी होने का ढिंढोरा तो पीट रही है लेकिन असलियत इसके उलट है। किसानों को उजाड़ने के लिए सरकार द्वारा तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। किसानों को ट्यूबवेल कनेक्शन जारी करने में भी लगातार देरी हो रही है। सैंकड़ों किसान ऐसे हैं, जो समय पर कनैक्शन के लिए निर्धारित राशि बिजली निगम में भर चुके हैं, मगर, भ्रष्टाचार के चलते अभी तक इन किसानों को कनेक्शन जारी नहीं किए जा रहे हैं। उन्होंने मांग की कि सरकार भ्रष्टाचार पर रोक लगाते हुए इन किसानों को जल्द ट्यूबवेल कनेक्शन जारी करें। इसके अलावा असली डीएपी, खाद व नहरों में पर्याप्त पानी का प्रबंध किया जाए। प्रदेश में बिजली के रेट बढ़ाकर सरकार ने अपना जनविरोधी चेहरा उजागर किया है। किसान संघर्ष समिति मांग करती है कि बिजली के बढ़ाए गए रेट तुरंत वापस लिए जाए। एचटी लाइनों के लिए भिवानी, हिसार, यमुनानगर, झज्जर और सोनीपत सहित पूरे प्रदेश में किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। नई खेती नीति रद्द की जाए। मेवात, झज्जर व अन्य जिलों में चल रहे किसान आंदोलन की मांगों को पूरा किया जाए। प्रदेश में बढ़ रही गुंडागर्दी व नशाखोरी पर रोक लगाई जाए। शामलात देह, शामलात ठोला, मुश्तरका मालिकाना व जुमला मालिकाना का हक काश्तकार किसानों को दिया जाए। किसानों को एमएसपी की गारंटी दी जाए व किसान मजदूरों को कर्ज मुक्त किया जाए। प्रदर्शन में सुरजीत उप्पल, गुरलाल संधू, सुच्चा संधू, यादविन्द्र सिंह, राजू प्रधान सहित अनेक किसान मौजूद रहे।



टोहाना। प्रदर्शन कर पुतला फूंकते किसान। फोटो :हरिभूमि



फतेहाबाद। पौधरोपण करते नागरिक अधिकार मंच के सदस्य।

# 'ट्विन सिस्टर' को शीशम- नीम के जुड़वा पौधों का नाम दिया

हरिभूमि न्यूज. फतेहाबाद

नागरिक अधिकार मंच ने पौधा रोपण अभियान को आगे बढ़ाते हुए विभिन्न जगहों पर पौधरोपण किया। मंच ने सेक्टर तीन के ग्रीन बेल्ट में शीशम व नीम का जुड़वा पौधा लगाकर उसे 'ट्विन सिस्टर' यानी 'जुड़वा बहनों' का नाम दिया। मंच के पूर्व संयोजक पार्षद मोहन लाल नारंग बताया कि यह शीशम व नीम का जुड़वा पौधा नागरिक मंच ने वन विभाग की बड़ोपल नर्सरी से लिया। लगता है यह दोनों पौधे एक साथ ही रोपित हुए इनका कद एक जैसा है, दिखने में दोनों बहुत ही सुंदर है। इनका स्वभाव अलग अलग होने के बावजूद ये दोनों हम सब के लिए जीवनदायी हैं। इसे ट्विन सिस्टर का नाम मंच के सदस्य अस्पताल से रिटायर्ड लेब टेक्नीशियन केदार जांगड़ा ने दिया और सभी ने इस का समर्थन किया। हिसार रोड के पुलिस नाका के समीप जामुन के बाग में नवीन सिन्हा ने पौधों की मुंडेर बनाई। संयोजक राजीव सेतिया ने बताया कि नवीन सिन्हा सुबह उठते ही रोजाना पौधों की सम्भाल में शिद्दत से लग जाते हैं। अधिवक्ता राजेंद्र कुकरेजा के नेतृत्व में जगजीवनपुरा पार्क में गुलाब के पौधे लगाए गए। इस अभियान में पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र आहूजा, पार्षद रमेश गिलहोत्रा, पार्षद मनोज भयाना, केदार जांगड़ा, सुभाष चौहान इत्यादि मौजूद रहे।

# प्रमोद बसंल सर्वसम्मति से दूसरी बार बने अग्रवाल सभा के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

■ अग्रवाल सभा में हुई अग्रवाल सभा की बैठक।

अग्रवाल सभा रतिया की बैठक अग्रवाल धर्मशाला में सभा के संरक्षक सतपाल जिंदल व अशोक गर्ग की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सर्वसम्मति से अग्रवाल सभा के निवर्तमान अध्यक्ष प्रमोद बंसल को फिर से अध्यक्ष पद की कमान सौंपी गई। सचिव नरेश जिंदल व कैशियर नरेश गोयल उर्फ गोगा को चुना गया। सभा ने नई कमेटी को अपनी कार्यकारिणी गठित करने का अधिकार दिया गया। बैठक में महासचिव राज कुमार सिंगला ने पिछले दो सालों के कार्यकाल में हुए समाज हित कार्यों व अन्य प्रोजेक्टों के लिए चल रहे प्रयासों के बारे में विस्तार से बताया। सभा ने पिछले दो साल पहले जब प्रमोद बंसल को अध्यक्ष बनाया था तब एक मत पास किया गया था कि प्रधान का कार्यकाल दो वर्ष का होगा और दो वर्ष के बाद अन्य अग्रबंधु को अध्यक्ष पद के लिए मौका दिया जाएगा, लेकिन प्रमोद बंसल के कार्यकाल में हुए समाज हित के कार्यों को देखते हुए उन्हें आगामी दो वर्ष के लिए सर्वसम्मति से दोबारा अग्रवाल सभा रतिया के अध्यक्ष पद की बागड़ोर सौंपी गई है। अध्यक्ष प्रमोद बंसल ने फिर से समाज की सेवा के लिए मौका दिए जाने पर सभी अग्रबंधुओं का आभार जताते हुए कहा कि समाज ने उन्हें जो फिर से सेवा करने का अवसर दिया है। आगे नए बड़े प्रोजेक्ट आप सभी अग्रबंधुओं के सहयोग से पूरे किए जाएंगे। इस मौके पर पूर्व प्रधान सतपाल जिंदल, अशोक गर्ग, ओम प्रकाश खाई वाला, ओमप्रकाश बिंटा, अमन जैन, अशोक गर्ग, राजकुमार सिंगला, जनक राज गोयल, प्रेम बांसल, दिनेश गोयल, दर्शन गर्ग, संजय मोदी, डॉ. रमेश गुप्ता, नरेश भूरा बंसल, डॉ. अजय गुप्ता, विनोद जैन इत्यादि मौजूद रहे।

# प्रिंसिपल की निर्मम हत्या के विरोध में प्राइवेट स्कूल संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

हिसार जिले के गांव बादशाहपुर में 10 जुलाई को करतार मैमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रिंसिपल जसवीर सिंह की उनके ही स्कूल के छात्रों द्वारा निर्मम हत्या किए जाने की घटना से शिक्षा जगत में गहरा आक्रोश है।

इस घटना की तीखी निंदा करते हुए फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल संघ ब्लॉक रतिया द्वारा स्कूल एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र गोस्वामी की अगुवाई में सोमवार को रतिया एसडीएम को हरियाणा के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया । ज्ञापन में एसोसिएशन ने शिक्षक की हत्या को केवल एक व्यक्ति की मौत नहीं, बल्कि पूरे शिक्षण समाज पर हमला बताया है। उन्होंने इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सरकार से सख्त कदम उठाने की मांग की है। संघ द्वारा मुख्यमंत्री के नाम भेजे गए ज्ञापन में मांग करते हुए कहा है कि आरोपी छात्रों के खिलाफ फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर सख्त से सख्त सजा दी जाए, ताकि भविष्य में कोई छात्र इस तरह की हिंसक हरकत करने की हिम्मत न कर सके। शिक्षकों की सुरक्षा के लिए ठोस कानून बनाए जाएं और तुरंत कड़े कदम उठाए जाएं, जिससे स्कूलों में सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जा सके। संघ ने चेतावनी भी दी है कि यदि सरकार ने इस मामले में जल्द कार्रवाई नहीं की तो शिक्षक समाज सामूहिक निर्णय लेकर स्कूलों को बंद करने जैसे कदम उठाने के लिए मजबूर होगा। इस मौके जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र गोस्वामी, लोकेश खुराना, सुरेंद्र माँझू, राकेश ललित, भूषण बजाज, तरसेम जिंदल, स्वर्ण शम्मी, भूषण बजाज, महेंद्र बिश्नोई सहित अन्य अध्यापकगण मौजूद रहे।



रतिया। एसडीएम को ज्ञापन सौंपते प्राइवेट स्कूल संचालक।

# पूर्ण सोसायटी ने नंदीशाला में गोवंश को लगाया सवामणि का भोग



**फतेहाबाद।** सामाजिक संस्था पूर्ण सोसायटी की नई कार्यकारिणी के गठन के उपलक्ष्य में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने बीघड़ रोड स्थित नंदीशाला में गोवंश को सवामणि का भोग लगाया। मुख्यातिथि के रूप में भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी कंवल चौधरी व भाजपा नेता मनजीत शर्मा ने शिरकत की। अध्यक्षता सोसायटी के जीव संरक्षण प्रकोष्ठ के संयोजक एवं सचिव विकास नायक ने की। गोवंश को गुड, तेल व गेहूं से बनी सवामणि दलिया का भोग लगाया तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रधान सन्नी बंसल ने सर्वसम्मति से कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए पायल चक्रवर्ती को फतेहाबाद युनिट का प्रेजिडेंट, राजकमल को महासचिव एवं कोषाध्यक्ष, हर्ष नागपाल को सचिव, विकास नायक को सचिव एवं जीव संरक्षण अभियान का संयोजक, रिंकू राजपूत को पर्यावरण संरक्षण अभियान का संयोजक, एडवोकेट दीक्षा सचदेवा को कानूनी सलाहकार एवं स्वच्छता, कानूनी एवं नशा मुक्ति अभियान का संयोजक, सुदर्शन नरुला को संगठन प्रचार सचिव, संयम कुमार को मीडिया कॉर्डिनेटर एवं प्रोजेक्ट मैनेजर नियुक्त किया गया।

# दो माह से नहीं मिला मानदेय भत्ता नंबरदारों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज. सिरसा

नंबरदार एसोसिएशन तहसील कालांवाली की सोमवार को एक बैठक प्रधान गुरदेव सिंह तारूआना की अध्यक्षता में हुई। जिसमें नंबरदारों का दो माह से मानदेय भत्ता न आने और एसडीएम कालांवाली के द्वारा नंबरदारों के मानदेय भत्ता को लेकर सरपंच की रिपोर्ट लागू करने के खिलाफ नाराजगी व्यक्त की गई। नंबरदारों ने एकत्रित होकर उपमंडल कार्यालय में एसडीएम मोहित कुमार की गैर-मौजूदगी में सुपरीडेंट दलीप यादव को मांग पत्र सौंपा। नंबरदारों के मानदेय भत्ता को लेकर सरपंच की रिपोर्ट लागू करने के एसडीएम के आदेश को बदलने और नंबरदारों का मानदेय भत्ता जल्द डाले जाने की मांग रखी। जिस पर सुपरीडेंट दलीप यादव ने उनकी मांगें उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।

नंबरदार एसोसिएशन के प्रधान गुरदेव सिंह तारूआना, बलवंत सिंह, प्रगट सिंह, सुखविंदर सिंह, जरनेल सिंह, सतपाल सिंह, गुरनाम सिंह, इकबाल सिंह, छिंद्र सिंह, गुरचरण सिंह, चानन सिंह, गुरी सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार नंबरदारों का सम्मान करती है और प्रदेश सरकार ने नंबरदारों का मानदेय भत्ता समय पर डाले जाने को लेकर आदेश जारी कर रखे है। लेकिन कालांवाली के नंबरदारों का मानदेश भत्ता मई व जून माह का अभी तक नहीं डाला गया है। जिस कारण नंबरदारों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

एसडीएम कालांवाली ने आदेश दिया है कि नंबरदारों के मानदेय भत्ता के लिए गांव के सरपंचों की रिपोर्ट करवाना अनिवार्य है। यह निर्णय पूरे प्रदेशभर में कहीं नहीं है। जबकि कालांवाली में ही लागू किया गया है। जोकि गलत निर्णय है। क्योकि जिन नंबरदारों ने सरपंच के खिलाफ वोट डाले है, उनकी सरपंचों के साथ नहीं बनती। वो सरपंच नंबरदार के मानदेय भत्ते के लिए सही रिपोर्ट नहीं करेंगे।

### पंचायत समिति जाखल के नवनिर्वाचित चेयरमैन व वाइस चेयरमैन को एसडीएम ने दिलाई शपथ



**टोहाना।** एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने सोमवार को आयोजित एक सादे समारोह में पंचायत समिति जाखल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जगतार सिंह और उपाध्यक्ष मीनू देवी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने दोनों पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी संभालने पर शुभकामनाएं दीं और आशा जताई कि वे ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ क्षेत्र के विकास और जनसेवा के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि पंचायत समिति ग्रामीण विकास की रीढ़ होती है और अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष की भूमिका इसमें बेहद महत्वपूर्ण रहती है। उन्होंने आशा जताई कि नव-निर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष जनविश्वास को बनाए रखते हुए ईमानदारी, पारदर्शिता और जनसेवा की भावना से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रशासन सदैव पंचायत समिति के साथ तालमेल बनाकर हर संभव सहयोग देगा, ताकि क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिल सके।

### समाधान शिविर में एडीसी ने की जनसमस्याओं की सुनवाई

# भोडा होशनाक में कब्रिस्तान व शमशान भूमि की चारदिवारी बनाने की मांग, एडीसी के बीडीपीओ को कार्रवाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया ने सोमवार को समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनी व अधिकारी शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। एडीसी समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनते हुए अधिकारियों को निर्देश दे रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समाधान शिविर के महत्व को समझते हुए शिकायतों का निपटान त्वरित कार्यवाही से करें। गांव भोडा होशनाक निवासी देशराज की गांव के कब्रिस्तान व शमशान भूमि के बीच चारदिवारी बनाने व पौधे लगाने की शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त ने बीडीपीओ को मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। दिव्यांग गोपाल की व्हीलचेयर दिलवाने की शिकायत पर एडीसी ने रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव को नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

भूना निवासी अमन की विवाह शगुन योजना का लाभ दिलवाने की शिकायत पर एडीसी ने जिला कल्याण अधिकारी को मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार भूना निवासी सीमा देवी की विधवा पेंशन बनवाने की शिकायत पर एडीसी ने क्रीड विभाग के अधिकारियों को संबंधित की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। एडीसी ने कहा कि समाधान शिविर प्रशासन और आमजन के बीच संवाद का सशक्त माध्यम हैं। समाधान शिविर सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला और उपमंडल स्तर पर आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर की शिकायतों के प्रति सरकार बेहद गंभीर है व समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उनका समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निवारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि समस्याओं का समाधान न केवल समय पर हो बल्कि प्रभावी और संतोषजनक भी हो। इस अवसर पर एसडीएम राजेश कुमार, डीआरओ श्याम लाल, डीडीपीओ अनूप सिंह, डिप्टी सीएमओ मेजर डॉ. शरद तुली, सूचना जन संपर्क एवं भाषा विभाग अमित पंवार, पीओआईसीडीएस सुरजीता कुमारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।




फतेहाबाद। अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया समाधान शिविर में जन समस्याएं सुनते हुए।

# छात्रों को 3 प्रश्नों का ऑप्शन, दो मिनट में देना होगा दो का जवाब

■ 8 से 10वीं तक के विद्यार्थी लेंगे साइंस सेमिनार में भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम प्रत्येक वर्ष खंड एवं जिला स्तर पर विज्ञान संगोष्ठी का आयोजन किया जाता है। इस कड़ी में जिला शिक्षा अधिकारी सिरसा द्वारा सिरसा जिला के समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को 22 जुलाई 2025 तक खंड स्तर पर प्रतियोगिता करवाने के लिए पत्र जारी कर दिया गया है। साथ ही 07 अगस्त 2025 को जिलास्तीय साइंस सेमिनार प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खैरपुर में आयोजित होगी। प्रोग्राम के नोडल अधिकारी एवं जिला विज्ञान विशेषज्ञ डा. मुकेश कुमार ने बताया कि इस वर्ष साइंस सेमिनार प्रतियोगिता का मुख्य विषय है क्वांटम युग का आगाजः सम्भावनाएं एवं चुनौतियां। इस वर्ष राज्य स्तरीय साइंस सेमिनार प्रतियोगिता सितम्बर माह के प्रथम सप्ताह में राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम में आयोजित होगी और राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता विश्वेश्वरैया औद्योगिक एवं प्रौद्योगिकी संग्रहालय, बैंगलोर में 30 अक्टूबर 2025 को आयोजित होगी। प्रतियोगिता में कक्षा 8 से 10वीं तक पढने वाले सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। सेमिनार शुरू होने से पहले सभी प्रतिभागियों के लिए एक लिखित परीक्षा होगी। प्रतिभागियों को दिए गये विषय पर 5-6 मिनट की अवधि के लिए अपनी प्रस्तुती देनी होगी। इसके बाद उसी विषय पर निर्णायक मंडल के सदस्यों के द्वारा प्रत्येक प्रतिभागी से 3 प्रशन पूछे जायेंगें और प्रतिभागी को 2 मिनट के भीतर उनमे से किन्हीं 2 का उत्तर देना होगा।

## खबर संक्षेप

### हरियाणा सिविल पेंशनर्स की मासिक बैठक संपन्न

**फतेहाबाद।** हरियाणा सिविल पैंशनर्ज वैलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक प्रधान हरबंस लाल सेठी की अध्यक्षता में बाल भवन फतेहाबाद में सम्पन्न हुई। सचिव मदन गोपाल नारंग ने बताया कि बैठक में सदस्यों राजेन्द्र ललित, विजय अग्रवाल रिटायर्ड एसडीओ, रिशीराज शर्मा, वीना भ्याना, पूर्ण देवी सहित अन्य सदस्यों ने अपने विचार रखे तथा सभी ने सरकार द्वारा मांगे 65, 70, 75 वर्ष की आयु में पैंशनर्ज को पेंशन में 5, 10 व 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने की मांग की।

### गांजा तस्करी मामले में युवक को किया काबू

**फतेहाबाद।** जिले में नशा तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत फतेहाबाद पुलिस ने गांजा तस्करी से जुड़े एक मामले में एक युवक को काबू कर शामिल तफ्तीश किया है, जिसके कब्जे से 3 हजार की नकद राशि बरामद की गई है। आरोपी की पहचान सुंदर कुमार पुत्र करतार सिंह निवासी कबीर बस्ती, शीतला माता मंदिर के पास, फतेहाबाद के रूप में हुई है।

### अफीम तस्करी के आरोपी ने किया सरेंडर

**सिरसा।** एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज अभियोग में वांछित नशा सप्लायर संजय कुमार पुत्र महाबीर प्रसाद निवासी पालडी जिला सीकर ने आत्मसमर्पण किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी प्रेम कुमार ने बताया कि आरोपी ने उच्च न्यायालय चंडीगढ़ से जमानत करवाने उपरांत आत्मसर्मपण किया व इसको शामिल तफ्तीश किया गया। आरोपी ने पूछताछ पर स्वीकार किया उसने एक किलो अफीम जगदीश निवासी सेक्टर-20 हुडा सिरसा को बेची थी। पुलिस ने जांच के दौरान आरोपी से 40 हजार रुपये, मोबाइल व सिम बरामद किए हैं।

### भूना क्षेत्र से मां-बेटी लापता, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** जिले के भूना क्षेत्र से एक मां-बेटी के लापता होने का समाचार है। इस बारे महिला के पति द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में गांव मोचीवाली निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 36 वर्षीय पत्नी और 18 साल की लडक़ी दोनों गत दिवस बिना बताए घर से कहीं चली गई है और वापस घर नहीं लौटी है। इस पर उसने दोनों मां-बेटी की काफी जगह तलाश की लेकिन जब इनका कहीं कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में भूना पुलिस ने केस दर्ज कर मां-बेटी की तलाश शुरू कर दी है।

### बैडमिंटन प्रतियोगिता के ट्रायल 20 को

**सिरसा।** जिला बैडमिंटन संघ द्वारा 20 जुलाई 2025 को सुबह 9 बजे द सिरसा स्कूल, सिरसा में 17, 19 वर्ष के लडक़े और लड़कियों तथा सीनियर वर्ग (एकल और युगल) के लिए टूर्नामेंट/ट्रायल आयोजित कर रहा है। जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव पंकज खेमका ने बताया कि ट्रायल के लिए प्रवेश की अंतिम तिथि 18 जुलाई 2025 है। ट्रायल में चयनित खिलाड़ियों का हिसार में आयोजित होने वाले स्टेट टूर्नामेंट के लिए चयन किया जाएगा।

### डीएवी स्कूल में पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता आयोजित

**सिरसा।** डीएवी स्कूल में कक्षा तीसरी से पांचवी तक के विद्यार्थियो के लिए पोस्टर मेंकिग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय विश्व जनसंख्या दिवस था और छात्रों ने विभिन्न रचनात्मक तरीको से इस विषय को अपने पोस्टरो में दर्शाया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को आने वाली पीढ़ी के लिए बढ़ती जनसंख्या से होने वाले खतरों के प्रति आगाह करना था। प्रतियोगिता मे कक्षा तीसरी में रियान ने प्रथम दृष्टि ने द्वितीय, सिदक व अवरीन ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही जास्मीन व रिद्धि को सांत्वना पुरस्कार मिला। कक्षा चौथी में जानवी ने प्रथम उमिका ने द्वितिय सोम्य स्थान मिला।

## फतेहाबाद पुलिस के कांवड़ यात्रा के सुचारु व सुरक्षित संचालन के लिए निर्देश जारी

# गांव हंसेवाला के कांवड़ियों की गाड़ी सहारनपुर में यूपी पुलिस ने की जब्त

### कावड़ियों पर ट्रैफिक नियमों की पालना नहीं करने का आरोप



एसपी सिद्धांत जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले टोहाना क्षेत्र के गांव हंसेवाला के कांवड़ियों की गाड़ी को यूपी पुलिस द्वारा सहारनपुर में जब्त कर लिया गया है। कावड़ियों पर आरोप था कि उन्होंने ट्रैफिक नियमों की पालना नहीं की। कांवड़िए गाड़ी को डबल डैकर बना कर ऊपर बैठे थे। उनका म्यूजिक सिस्टम भी काफी तेज था। इस घटना के बाद फतेहाबाद के एसपी सिद्धांत जैन ने कांवडिय़ों के लिए एक बार फिर एडवाइजरी जारी करते हुए इससे सीख लेने की अपील की है।

श्रावण मास के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष हजारों श्रद्धालु पवित्र कांवड़ यात्रा पर प्रस्थान करते हैं। इस धार्मिक यात्रा को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देशानुसार फतेहाबाद पुलिस द्वारा सभी थाना प्रभारियों एवं संबंधित अधिकारियों को व्यापक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में जिला पुलिस सख्ती से निगरानी व कार्रवाई कर रही है।


पुलिस श्रद्धालुओं, आयोजकों और आमजन से सौहार्दपूर्ण अपील करते हुए यह स्पष्ट करना चाहती है कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही, अव्यवस्था या कानून का उल्लंघन किसी भी स्थिति में सहन नहीं किया जाएगा। एसपी ने बताया कि 13 जुलाई को टोहाना उपमंडल के गांव हंसेवाला के कुछ श्रद्धालु नियमों की अवहेलना करते हुए कांवड़ यात्रा पर निकले थे, जिनकी गाड़ी को सहारनपुर पुलिस द्वारा दिशा-निर्देशों के उल्लंघन के चलते जब्त कर लिया गया। यह घटना सभी श्रद्धालुओं के लिए एक स्पष्ट चेतावनी है कि यात्रा के दौरान यदि दिशा-निर्देशों की अनदेखी की गई, तो तत्काल सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। एसपी ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखना जिला पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।

#### पुलिस द्वारा जारी महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश

- डीजे की ऊंचाई वाहन की बॉडी से अधिक न हो, ताकि बिजली के तारों से दुर्घटना की आशंका न रहे।
- किसी भी वाहन में निर्धारित क्षमता से अधिक व्यक्ति न बैठाएं।
- यातायात नियमों एवं मोटर वाहन अधिनियम का पूर्ण रूप से पालन करें।
- डीजे की ध्वनि स्तर निर्धारित मानकों के अनुरूप ही रखें।
- अवैध गतिविधियों और उन्माद फैलाने वाले कृत्यों से दूर रहें।
- यात्रा के दौरान शराब या किसी प्रकार के नशीले पदार्थों का सेवन पूर्णतः निषिद्ध है।
- पर्यावरण की स्वच्छता बनाए रखें; मार्ग में कचरा या गंदगी न फैलाएं।
- आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं अनुशासन बनाए रखें।
- आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं अनुशासन बनाए रखें; किसी भी प्रकार के विवाद से बचें।
- गंडासा, हॉकी, असला आदि किसी भी प्रकार के हथियार यात्रा में साथ रखना पूर्णतः वर्जित है।

#### होगी कार्रवाई

एसपी ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति इन निर्देशों की उल्लंघन करता है या अवहेलना करता है, तो प्राधिकृत अधिकारी उसे हिरासत में ले सकता है या वहां से हटा सकता है। ऐसे मामलों में संबंधित व्यक्ति को मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, अथवा छोटे मामलों में 24 घंटे के भीतर रिहाई संभव है। पुलिस सभी श्रद्धालुओं, आयोजकों और आमजन से विनम्र किंतु सख्त अपील करती है कि वे सभी दिशा-निर्देशों का पूरी ईमानदारी, गंभीरता और अनुशासन के साथ पालन करें, ताकि कांवड़ यात्रा एक सुरक्षित, श्रद्धामयी एवं सौहार्दपूर्ण आयोजन के रूप में सम्पन्न हो सके।



सिरसा। सीडीएलयू और साइबर थ्रेट पानी के बीच करार पत्र।

## सीडीएलयू और साइबर थ्रेट हरियाणा के बीच हुआ एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा ने बारहवीं पास विद्यार्थियों के लिए साइबर सिक्योरिटी एंड एथिकल हैकिंग तथा डिप्लोमा इन डिजिटल फॉरेंसिक एंड इन्वेस्टीगेशन के दो डिप्लोमा कोर्सेस शुरू करने का निर्णय लिया है। इन दोनों कोर्सेस की अवधि एक वर्ष की होगी और इसमें दाखिले के लिए विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर इसी सप्ताह से उपलब्ध हो जाएगी। इस संबंध में सोमवार को सीडीएलयू तथा साइबर थ्रेट हरियाणा, पानीपत के मध्य छात्र हित को ध्यान में रखते हुए एक एमओयू हुआ। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर अशोक शर्मा तथा साइबर थ्रेट हरियाणा, पानीपत के निदेशक सनी ने साँझा करार पत्र पर हस्ताक्षर किए। दोनों पक्षों ने साइबर सुरक्षा और डिजिटल स्वच्छता शिक्षा को बढ़ावा देने के क्षेत्र में काम करने की एक-दूसरे की मंशा को मान्यता दी है और लोगों को साइबर खतरों से बचाव के उपायों के बारे में जागरूक करने के लिए दो नए कोर्स शुरु करने के लिए करार पत्र पर हस्ताक्षर किए। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर विजय कुमार ने बताया कि इस करार पत्र के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए दो नए कोर्स डिप्लोमा इन साइबर सिक्योरिटी एंड एथिकल हैकिंग तथा डिप्लोमा इन डिजिटल फॉरेंसिक एंड इन्वेस्टीगेशन शुरू किए जाएंगे। ये दोनों कोर्स एक-एक वर्ष की अवधि के होंगे। इन कार्यक्रम के एक भाग में 40 विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। ये कोर्स विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साइंस विभाग के अंतर्गत संचालित होंगे। इस अवसर पर कंप्यूटर साइंस विभाग के प्राध्यापक प्रोफेसर विक्रम सिंह, कुलपति कार्यालय के निजी सचिव धर्मवीर, कुलसचिव कार्यालय के निजी सहायक अशोक सैनी आदि उपस्थित थे।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का दिया संदेश

- जिला के गांव खैरेकां में निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा



सिरसा। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के प्रति जागरूक करते हुए महिलाएं।

जिला के गांव खैरेकां में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। पर्यवेक्षक सुष्मिता ने बताया कि उनके गांव में लिंगानुपात कम हैं, जिसका सबसे बड़ा कारण है महिलाओं में जागरूकता की कमी। उन्होंने बताया सरकार की ओर से बेटियों के लिए अनेक प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं चलाई गई, जिसका आमजन लाभ उठा सकता है। सुष्मिता ने बताया कि कन्यादान योजना, लाडो योजना,आपकी बेटी हमारी बेटी, एलआईसी योजना सहित अनेक योजनाएं हैं। इस मौके पर गांव की महिलाओं व युवतियां ने अपने हाथों पर मेहंदी लगाकर गांव के लोगों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के प्रति जागरूक किया। सुपरवाइजर सुष्मिता ने भूरण हत्या करने वालों के संबंध में महिलाओं से सही समय पर जानकारी देने का आह्वान किया, ताकि इसे करने वालों व करवाने वालों को सजा दिलवाई जा सके। इस मौके पर किशोर लड़कियों को मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में भी विस्तार से बताया गया तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलवाई गई व गांव में जागरूकता रैली भी निकाली गई। इस मौके पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ममता, माया, सिमरजीत, शकुंतला, लक्ष्मी, प्रियंका, कैलाश सहित महिलाएं व किशोर युवतियां भी मौजूद थी।

### चेयरमैन ने किया निरीक्षण, गैरहाजिर मिले ईओ, सचिव व जेई

**सिरसा।** नगरपरिषद कार्यालय में सोमवार को चेयरमैन वीर शांति स्वरूप अचानक दौरे पर पहुंचे। इस दौरान नगर परिषद में कई कर्मचारी गैर हाजिर मिले, जिनमें ईओ, सचिव, जेई सहित अन्य विभागों में कार्यरत कर्मचारी शामिल है, गैर हाजिर पाए गए। इसको लेकर चेयरमैन ने उक्त कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए पत्र लिखा है। साथ ही सभी कर्मचारियों को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। इससे पहले भी नगर परिषद में जेई सहित कुछ कर्मचारी गैर हाजिर मिले थे, जिन पर कार्रवाई के लिए पत्र लिखा था। सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। मगर बाद में कुछ नहीं हुआ। उस दौरान भी सभी को चेतावनी दी थी, पर उसका कोई असर नहीं हुआ। दरअसल, चेयरमैन वीर शांति स्वरूप पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे और छुट्टी पर थे। सोमवार को कई दिनों के बाद अचानक कार्यालय में पहुंचे। उन्होंने आते ही कार्यालय का दौरा किया तो कई कर्मचारी गैरहाजिर मिले।

### श्रीराम शरणम आश्रम द्वारा अमृतवाणी पाठ, भाजपा जिलाध्यक्ष ने की शिरकत

**फतेहाबाद।** श्रीराम शरणम आश्रम में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में अमृतवाणी पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने यहां श्रद्धालुओं के साथ बैठकर अमृतवाणी पाठ को सुनकर जीवन आनन्द प्राप्त किया। जोड़ा ने कहा कि प्रभु श्रीराम का अमृतवाणी पाठ मानव मन को शान्ति प्रदान करता और समाज में सही दिशा प्रदान करता है। अमृतवाणी पाठ से तन मन में साकारात्मक ऊर्जा का अनुभव होता है। उन्होंने कहा कि श्रीराम शरणम आश्रम सालों से फतेहाबाद क्षेत्र में धर्मप्रेमियों को एक सूत्र में पिरोने का काम करता आ रहा है तथा लोगों को भगती के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। यह एक सराहनीय सेवा है। अमृतवाणी पाठ के उपरांत प्रवीण जोड़ा व भाजपा नेताओं ने श्रद्धाभाव से लंगर प्रसाद भी ग्रहण किया। इस अवसर पर सुभाष खुराना, देसराज मेहता, केजी गांवड़ी, सुनीता चराईपोत्रा, नीलम मेहता, करतार चंद असीजा, ब्रिज मोहन ललित, घनश्याम मदान, राजेंद्र तनेजा, सुमन अलबादी के अलावा भाजपा नेता जगदीश शर्मा, शम्मी ढींगड़ा, कंवल चौधरी, विकास शर्मा, राधेश्याम झांझड़ा, नवीश सचदेवा, संजय बंसल, आत्मप्रकाश टुटेजा, मनजीत शर्मा, पवन सिंह आदि मौजूद रहे।

### भाजपा जिला कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से मिले सांसद सुभाष बराला

**टोहाना।** भाजपा की जिला कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों ने राज्यसभा सांसद सुभाष बराला से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर बराला ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दीं तथा उन्हें संगठन की मजबूती के लिए समर्पण भाव से कार्य करने का आह्वान किया। फतेहाबाद भाजपा के जिला उपाध्यक्ष भीम लांबा, जिला मीडिया प्रभारी कंवल चौधरी, जिला कार्यालय सचिव शम्मी ढींगरा, जिला सचिव पूनम सिंगला, जिला कोषाध्यक्ष रामकुमार मेहरा व मंजीत शर्मा ने राज्यसभा सांसद सुभाष बराला का धन्यवाद किया व विश्वास दिलाया कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेवारी दी है उन पर सभी पदाधिकारी खरे उतरेंगे और वे पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने में पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे। सांसद सुभाष बराला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक विचारधारा आधारित पार्टी है, जिसकी नींव कार्यकर्ताओं के तप, परिश्रम और अनुशासन पर टिकी हुई है। उन्होंने कहा कि पद केवल उत्तरदायित्व बढ़ाते हैं और यह आवश्यक है कि प्रत्येक पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी, सजगता और समर्पण के साथ करे।

## डिवाइडर से टकराकर पलटा ट्रक, 3 घंटे फंसा रहा ड्राइवर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जाखल

पंजाब की ओर से आ रहा एक ट्रक सोमवार अलसुबह जाखल में रेलवे ओवरब्रिज के डिवाइडर से टकरा गया। ट्रक की रफ्तार तेज होने के कारण ट्रक पहले डिवाइडर से टकराया और फिर ट्रक यूनियन की दीवार में जा घुसा। हादसा इतना भयानक था कि ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक उसी में फंस गया। करीब तीन घंटे की मशक्कत और कटर की मदद से चालक को बाहर निकाला गया। हादसे में राजस्थान के सीकर निवासी चालक मुकेश और कंडक्टर प्रिंस गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को पहले जाखल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए दोनों को अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार ट्रक चालक मुकेश पंजाब के मुनक की ओर से ट्रक लेकर आ रहा था और जाखल के कडैल तिराहे से ओवरब्रिज पर चढ़ते समय उसका संतुलन बिगड़ गया।

### अधिकारियों को चुनावी पहलुओं की जानकारी दी

**सिरसा।** सिरसा विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खैरपुर में आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रतिदिन लगभग 50-50 बीएलओ के दो-दो सत्रों में प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर ईआरओ रजनीश कुमार और एईआरओ सुभाष चंद्र मुख्य रूप से उपस्थित रहे। एईआरओ सुभाषचंद्र ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर को चार सत्रों में विभाजित किया गया है। पहले सत्र में चुनाव प्रक्रिया से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी जा रही है, दूसरे सत्र में केस स्टडी के आधार पर रोल प्ले करवाया जाता है, तीसरे सत्र में बीएलओ एप्लीकेशन का प्रयोग किस प्रकार से करवाया जाए, इसकी ट्रेनिंग दी जाती है और फार्म 6, 6 ए व बी, 7, 8 भरने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान बीएलओ की समस्याओं का समाधान भी किया जा रहा है।



फतेहाबाद। वाहन चालकों की चैकिंग करते ट्रेफिक पुलिस कर्मचारी।

## 400 वाहन चालकों को नशे में वाहन चलाना पड़ा महंगा

- 217 के चालान, 183 वाहन किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

पुलिस प्रशासन द्वारा सडक़ सुरक्षा एवं जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के साथ-साथ नशे में सडक़ पर वाहन दौड़ाने वालों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य नशे की हालत में लापरवाही से वाहन चलाने वालों को चिन्हित कर उन पर कठोर कार्रवाई करना था। इस अभियान के अंतर्गत शहर के मुख्य चौराहों, व्यस्त मार्गों, बाजार क्षेत्रों, हाइवे और कस्बों में पुलिस चेकिंग पॉइंट्स लगाए गए। इसमें ट्रैफिक पुलिस, थानों की टीमों और मोबाइल यूनिटों ने सम्मिलित रूप से कार्रवाई की। इस अभियान के दौरान कुल 400 वाहन चालकों को नशे की हालत में गाड़ी चलाते हुए पकड़ा गया। इनमें से 217 चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम की धारा 185 के अंतर्गत चालान किया गया, जबकि 73 मामलों में उनके ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू की गई है। साथ ही, 183 वाहन मौके पर जब्त किए गए और चालकों को सख्त चेतावनी दी गई। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नशा कर वाहन चलाना एक आपराधिक और अमानवीय कृत्य है। यह न केवल चालक की जान को खतरे में डालता है, बल्कि सडक़ पर चल रहे हर नागरिक की जिंदगी को संकट में डाल देता है। यह प्रवृत्ति सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण बन रही है।

### पूर्व पार्षद सुशील सैनी मिले उपायुक्त से

**सिरसा।** नगरपरिषद में धांधली के आरोपों को लेकर एक पखवाड़े तक धरने पर रहे पूर्व पार्षद सुशील सैनी सोमवार को उपायुक्त से मिले और उपायुक्त से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। पूर्व पार्षद सुशील सैनी ने उपायुक्त शांतनु शर्मा को बताया कि नगरपरिषद में हुए घोटाले की जो जांच उन्होंने पीडब्ल्यूडी बीएंडआर के कार्यकारी अभियंता और अपने कार्यालय के लेखा अधिकारी को सौंपी थी, उसकी बजाय जिला नगर आयुक्त ने एक और जांच कमेटी बना दी। इस जांच कमेटी में पंचायत विभाग के एसडीओ श्रवण कुमार को रखा गया है, जिस पर पहले ही भ्रष्टाचार के आरोप लग चुके हैं और उसकी पर्याप्त जांच भी नहीं हुई। उन्होंने उपायुक्त को बताया कि श्रवण कुमार ड्राइंग बदलने में माहिर है और उसने पहले भी ड्राइंग बदलकर सरकार को चपत लगाई हुई है। उन्होंने उपायुक्त को बताया कि इस पूरे मामले की जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध है और यदि पोर्टल खोलकर देखा जाए तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। पूर्व पार्षद सुशील सैनी ने उपायुक्त को बताया कि नगर परिषद के अधिकारियों ने निर्माणाधीन शिवपुरी में अस्थाई शैड और अस्थि कक्ष भी नहीं बनवाया और उसके लिए आवंटित राशि का गोलमाल कर दिया।

## एसएमसी को मर्ज कर पुनः गठन व विद्यालयों के बंदीकरण का अध्यापक संघ करेगा विरोध

**फतेहाबाद।** स्कूल प्रबंधन कमेटी को मर्ज कर पुनर्गठन के नाम पर विद्यालयों के बन्दीकरण के विरोध में फतेहाबाद के सभी ब्लॉकों से खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों पर धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार व शिक्षा आयुक्त हरियाणा को ज्ञापन सौंपे जाएंगे। सरकार के इस फैसले के विरोध में हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ द्वारा प्रदेशभर में 21 जुलाई से 25 जुलाई को प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। अध्यापक संघ के जिला प्रधान राजपाल मिताथल, सचिव देसराज माचरा, राज्य उपमहासचिव कृष्ण नैन, राज्य आडिटर सुरजीत दुसाद ने बताया कि इस मामले को लेकर 17 जुलाई को हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की जिला कार्यकारिणी की बैठक बुलाई गई है। बैठक में स्कूलों को मर्ज करने व शिक्षकों की समस्याओं पर विचार विमर्श कर आन्दोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। प्रधान राजपाल मिताथल ने बताया कि जून के आखिरी सप्ताह में गठित एसएमसी कमेटियों को भंग कर अब एक गांव में सभी स्कूलों की एक कमेटी में विलय करके एक ही कमेटी बनाने का शैडयूल जारी कर दिया गया है। इसके तहत लगभग पांच हजार स्कूल प्रबंधक कमेटी व इतने ही स्कूल खत्म करने की तैयारी हैं, जिससे बच्चों को दूर-दराज के स्कूलों में जाना पड़ेगा। इससे जहां ड्राप आउट भी बढ़ेगा वहीं अभिभावकों को मजबूरी में प्राईवेट में महंगी फीसें भरनी पड़ेंगी। लगभग 14 हजार शिक्षकों के पद पिछले दिनों आई रेशनेलाईजैशन की सूचियों में खत्म किये जा चुके हैं।

### महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट की नशे के खिलाफ मुहिम पहुंची हिजरावां खुर्द

# नशे से समाज को बचाने की जिम्मेदारी युवाओं पर: भवानी

- गांव में नशे के खिलाफ मुहिम तेज करने के लिए 21 सदस्यीय कमेटी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

जिले को नशे जैसे दुश्मन से आजाद करवाने के लिए जंग लड़ रहे महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट ने पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को भी साथ जोड़ा है। सीएम नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन और ट्रस्ट संस्थापक भवानी सिंह के नेतृत्व में जिले में युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करने की मुहिम आज गांव हिजरावां खुर्द पहुंची। भवानी सिंह ने गांव के युवाओं को नशे के दुष्परिणाम बताते हुए उन्हें नशे से दूर रहने और समाज के विकास में अपना योगदान देने की अपील की। गांव में नशे के खिलाफ मुहिम तेज करने के लिए 21 सदस्यीय कमेटी का भी गठन किया गया। 'एक पेड़-नशे के खिलाफ' मुहिम के तहत ट्रस्ट संस्थापक भवानी सिंह ने गांव में पौधारोपण भी किया। नवनियुक्त कमेटी के 21 सदस्यों ने पेड़ लगाकर शपथ ली कि वह न तो स्वयं नशा करेंगे और गांव में निगरानी करते हुए नशा बेचने व करने वालों को रोकने का काम करेंगे।



फतेहाबाद। गांव हिजरावां खुर्द में कमेटी सदस्यों के साथ पौधारोपण करते महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह। *फोटो: हरिभूमि*

#### ग्रामीणों को किया जागरूक

भवानी सिंह ने ग्रामीणों को नशे न करने को लेकर जागरूक करते हुए कहा कि सीएम नायब सिंह सैनी का सपना है कि प्रदेश के युवा नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहे। सीएम का मानना है कि युवा ही हमारे प्रदेश की असली ताकत है जोकि नशे की दलदल में धंसती जा रही है। अगर आज युवाओं को इस दलदल से नहीं निकाला गया तो प्रदेश कभी विकास की राह पर नहीं चल पाएगा। सीएम के इस सपने को पूरा करने के लिए महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट ने फतेहाबाद जिले से नशामुक्त अभियान की शुरूआत की है। इसके तहत जिले के गांवों में युवाओं को जागरूक कर उनकी कमेटियां गठित की जा रही है। ट्रस्ट का प्रयास है कि युवाओं को नशे से दूर कर उन्हें खेलों और अन्य सामाजिक कामों से जोड़ा जाए ताकि उनमें भी देशसेवा की भावना पनप सके। बरसात के मौसम को देखते हुए ट्रस्ट ने नशामुक्त अभियान के साथ पर्यावरण संरक्षण मुहिम को भी इसमें साथ जोड़ा है जिसे 'एक पेड़-नशे के खिलाफ' का नाम दिया गया है। इसके तहत आज गांव हिजरावां खुर्द में ट्रस्ट द्वारा अनेक पौधे लगाए गए हैं और कमेटी सदस्यों द्वारा इनकी देखभाल का भी संकल्प लिया गया है। उन्होंने कमेटी में शामिल युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि वे आज ही गांव को नशामुक्त करने की मुहिम में जुट जाएं ताकि जल्द से जल्द गांव को इस बुराई से मुक्त घोषित किया जा सके।

# सावन के प्रथम सोमवार पर शिवालयों में गूंजे 'हर-हर महादेव' के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶फतेहाबाद

सावन के प्रथम सोमवार को आज फतेहाबाद में शिवालयों व मंदिरों में अलसुबह 4 बजे ही घंटे और घड़ियाल गूंज उठे। मंदिरों से दूर-दूर तक ओम नमः शिवाय, हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण गूंजायमान हो गया। बाजार व चौराहों पर भी भोलेनाथ के भजनों पर शिव अराधना करते दिखे। यहां के श्याम मंदिर, रघुनाथ मंदिर, दुर्गा मंदिर, देवी मंदिर, हनुमान मंदिर, शिवालय मंदिर, गीता मंदिर सहित अनेक जगहों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। अलसुबह 4 बजे ही शिवालयों पर लोग जलाभिषेक के लिए पंचामृत, बेलपत्र, शहद, फल, दूध, दही और विभिन्न प्रकार के प्रसाद लेकर लाइनों में लग गए। श्याम मंदिर में पुजारी सोनू शर्मा व सूरज शर्मा ने विधि विधान से श्रद्धालुओं से जलाभिषेक करवाया।

श्रद्धालुओं ने सावन के पहले सोमवार को व्रत रखा। पंडित सोनू शर्मा के अनुसार सावन की शिवरात्रि का दिन भगवान शिव और माता पार्वती के पुनर्मिलन का प्रतीक माना जाता है। यही कारण है कि इस दिन किया गया व्रत और पूजन वैवाहिक जीवन में प्रेम, सामंजस्य और सुख-शांति बनाए रखता है। यह व्रत विशेष रूप से कुंवारी कन्याओं और विवाहित महिलाओं के लिए फलदायक माना जाता है। इस दिन शिवलिंग पर जल, दूध, शहद, बेलपत्र, धतूरा और आक चढ़ाकर शिवजी को प्रसन्न किया जाता है। भक्तों का मानना है कि इस दिन शिव जी की सच्चे मन से की गई उपासना सारे पापों को नष्ट करती है और मोक्ष की प्राप्ति कराती है। पंडितों की मानें तो इस दिन शिवालयों पर काले तिल, लौंग व पीपल पर जलाभिषेक करने से परिवार में संकट व बीमारी टल जाती हैं।



**फतेहाबाद।** श्री श्याम मंदिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक करते श्रद्धालु।

## पंचमुखी शिव मंदिर में उमड़ा जनसैलाब

***टोहाना।*** *सावन के पहले सोमवार पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। रतिया रोड स्थित प्राचीन पंचमुखी शिव मंदिर में भक्तों की सुविधा के लिए लाइन में दर्शन की व्यवस्था की गई। मंदिर के पुजारी दिलीप चंद शास्त्री ने बताया कि सावन के महीने में शिव जी की पूजा का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि सभी श्रद्धालुओं को इस महीने में भगवान भोलेनाथ की पूजा करनी चाहिए। मंदिर कमेटी प्रधान राजेश गोयल और सचिव दयानन्द सिंगला ने कहा कि यह क्षेत्र का सबसे पुराना मंदिर है। हर साल सावन में यहां क्षेत्रवासियों की भारी भीड़ जुटती है। लोगों की मंदिर के प्रति गहरी आस्था है। कमेटी ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए उचित व्यवस्था की है। शिवरात्रि की पूर्व संध्या पर विशाल जागरण का आयोजन किया जाएगा। इसमें गायक कलाकार भगवान भोलेनाथ की महिमा का गुणगान करेंगे। मंदिर कमेटी ने शिवरात्रि पर्व के लिए कार्यकर्ताओं की ड्यूटी लगाई है। इससे मंदिर में आने वाले भक्तों और कावड़ लेकर आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं होगी।*



## सिरसा: शिवालयों में लगा श्रद्धालुओं का तांता

**सिरसा।** जिलाभर में सावन मास के प्रथम सोमवार को शिवालयों में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने शिवालयों में जलाभिषेक किया। वहीं शिवभक्त अशोक खट्टर ने हरिद्वार से लाई गई कांवड से श्री श्याम बगीची स्थित श्यामा महादेव मंदिर में शिवभोले का जलाभिषेक किया। सुबह से जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं की शिव मंदिरों में कतारे लगी रही। बरसात के बावजूद श्रद्धालुओं का मंदिरों में पहुंचना जारी रहा। वहीं शिवभक्त अशोक खट्टर ने हरिद्वार से लाई गई कांवड से श्री श्याम बगीची स्थित श्यामा महादेव मंदिर में शिवभोले का जलाभिषेक किया। मंदिर के पुजारियों ने विधि विधान से पूजा अर्चना करवाई। उसके बाद भगवान भोले नाथ हरिद्वार से लाए गंगाजल से जलाभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने दूध, दही, घी, शहद, चीनी, मिष्ठाण, फल, भांग, धतूरा, बेलपत्र आदि के साथ पूजा अर्चना की।

